**सोमवार**
05 सितम्बर 2022



पृष्ठ 4

**मेटाबॉलिज्म को तेज करने में मदद कर सकते हैं ये खाद्य पदार्थ**



पृष्ठ 5

**मैं हमेशा से अक्षय सर की बहुत बड़ी प्रशंसक रही हूं:रकुल**



● देहरादून
● वर्ष 30
● अंक 208
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

# दूनवैलीमेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

**आज का विचार**

बिना ग्रंथ के ईश्वर मौन है, न्याय निद्रित है, विज्ञान स्तब्ध है और सभी वस्तुएँ पूर्ण अंधकार में हैं।

– अज्ञात

# समिति की जांच पर एक्शन आसान नहीं

## ❑2016 से धूल फांक रही हैं टेक्निकल यूनिवर्सिटी भर्ती की जांच

विशेष संवाददाता

देहरादून। विधानसभा अध्यक्ष ने बैकडोर भर्तियों की जांच के लिए विशेषज्ञ समिति का गठन कर दिया और यह समिति अपना काम भी शुरू कर चुकी है लेकिन क्या इस समिति की रिपोर्ट पर शासन स्तर पर कोई कार्यवाही होगी? यह सवाल बेवजह नहीं है। क्योंकि पूर्व समय में कई विभागों में अवैध तरीके से हुई नियुक्तियों पर जांच समितियों द्वारा शासन को अपनी रिपोर्ट सौंपी जाने के कई सालों बाद भी आज तक उन पर कोई कार्रवाई नहीं गई है। जिसका एक उदाहरण उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय में हुई नियुक्तियों का मामला भी है। जिसकी 2016 में जांच की रिपोर्ट समिति ने सरकार को सौंप दी गई थी।

उत्तराखंड राज्य बनने के बाद जिस तरह नेताओं व अधिकारियों तथा उनके नजदीकियों ने नौकरियों की लूट खसोट की है अब उसकी परत दर परत उखड़ती जा रही है सिविल पुलिस में दरोगा भर्ती



### ❑सिफारशी भाजपा व संघ के नेताओं पर कार्यवाही बनी चुनौती

का मामला हो या फिर वन दरोगा व वन रक्षकों की नियुक्तियों का। अथवा स्कूल कॉलेजों व विश्वविद्यालयों में नियुक्ति का और या फिर विधानसभा और सचिवालय में हुई भर्तियों का, तमाम भर्तियां जांच के दायरे में इसलिए आ चुकी हैं क्योंकि राज्य में अब तक जो भी नियुक्तियां हुई है उन सभी नियुक्तियों में भारी अनियमितताएं बरती गई हैं। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी और धामी सरकार ने बैक डोर भर्तियों की जांच का जो दम दिखाया है उसे मुकाम तक पहुंचा पाना आसान नहीं है क्योंकि इन बैकडोर भर्तियों के जरिए सिर्फ गोविंद सिंह के पुत्र व पुत्र वधू ने ही नौकरी नहीं पाई है भाजपा के तमाम नेताओं के परिजनों और रिश्तेदारों को सरकारी नौकरियां मिली है यही नहीं सरकार के करीबी संघ नेताओं ने भी अपने बच्चों को नौकरियां दिलवाई है। खास बात यह है कि इन नेताओं की संख्या एक दो नहीं दर्जनों में है।

अब जब यह मुद्दा भाजपा व सरकार के गले में फंस गया है तो उसे कुछ तो करना ही पड़ेगा लेकिन बात अब नौकरियों को रद्द करने से बनने वाली नहीं है जिसकी सिफारिश पर नौकरी दी गई और जिन नेताओं को इसका लाभ मिला उनके खिलाफ सरकार क्या कार्रवाई करेगी यह सवाल भी अहम हो गया है। किसी भी भ्रष्टाचारी को नहीं बख्शा जाएगा यह कहने से अब बात बनने वाली नहीं है और न ही जांच के नाम

◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर

# भू-कानून के अध्ययन व परीक्षण को गठित समिति ने सीएम धामी को सौंपी रिपोर्ट




### ●जनहित व प्रदेश हित में समिति की संस्तुतियों पर राज्य सरकार विचार कर भू - कानून में संशोधन करेगी: सीएम

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। राज्य में भू – कानून के अध्ययन व परीक्षण के लिए गठित समिति ने आज प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। समिति ने प्रदेश हित में निवेश की संभावनाओं और भूमि के अनियंत्रित क्रय–विक्रय के बीच संतुलन स्थापित करते हुए अपनी 23 संस्तुतियां सरकार को दी हैं।

आज मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में समिति के अध्यक्ष व प्रदेश के पूर्व मुख्य सचिव सुभाष कुमार, समिति के सदस्य व श्री बदरीनाथ – केदारनाथ मंदिर समिति के सदस्य अजेंद्र अजय, पूर्व आईएएस अधिकारी अरुण ढौंडियाल व डी.एस. गर्ब्याल और समिति के पदेन सदस्य सचिव के रूप में हाल तक सचिव राजस्व का कार्यभार संभाल रहे दीपेंद्र कुमार चौधरी ने मुख्यमंत्री धामी से भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि सरकार शीघ्र ही समिति की रिपोर्ट का गहन अध्ययन कर व्यापक जनहित व प्रदेश हित में समिति की संस्तुतियों पर विचार करेगी और भू – कानून में संशोधन करेगी।

उल्लेखनीय है कि श्री धामी ने जुलाई

◀◀ शेष पृष्ठ 2 पर

# लखनऊ के एक होटल में लगी भीषण आग, 2 की मौत, 20 से अधिक घायल


लखनऊ । उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के हजरतगंज इलाके के लेवाना होटल में सोमवार सुबह भीषण आग लग गई। आग में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 से ज्यादा लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल सूत्रों ने बताया कि इलाज के दौरान दो महिलाओं की जलने से मौत हो गई है। आधिकारिक पुष्टि की प्रतीक्षा की जा रही है। वही, कर्मचारियों और मेहमानों समेत कई लोग झुलस गए हैं। दमकल की गाड़ियां आग बुझाने की कोशिश कर रही हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वरिष्ठ अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से बचाव कार्यो की निगरानी करने और पीड़ितों को उचित उपचार प्रदान करने का निर्देश दिया है। दमकल विभाग के कर्मियों ने होटल के अंदर फंसे लोगों को बचाने के लिए शीशे तोड़े। इसी के साथ कमरों में धुआं भर जाने से होटल में ठहरे लोगों को सांस लेने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। 20 से अधिक लोग अभी भी अंदर फंसे हुए थे। एंबुलेंस को भी मौके पर बुलाया गया है और आसपास के अस्पतालों को अलर्ट पर रखा गया है। होटल तक पहुंचने का रास्ता संकरा होने के कारण राहत और बचाव कार्य में दिक्कत हो रही है। आग कैसे लगी इसका अभी पता नहीं चल पाया है।

# देश में एक दिन में कोरोना के 5910 नए केस हुए दर्ज

नई दिल्ली । देश में कोरोना संक्रमण के नए मामलों को लेकर राहत बनी हुई है। पिछले 24 घंटे में यहां कोविड संक्रमण के 6 हजार से कम केस दर्ज हुए हैं। वहीं 16 मरीजों की मौत हुई है। नए मामलों में कमी के चलते देश में एक्टिव केस की संख्या घटकर 53,974 रह गई है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा सोमवार सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार भारत में एक दिन में कोविड–19 के 5,910 नए मामले सामने आने से संक्रमण के मामलों की संख्या बढ़कर 4,44,62,445 हो गयी है। संक्रमण से 16 और मरीजों के जान गंवाने से मृतकों की संख्या बढ़कर 5,28,007 हो गयी है। मौत के इन नए मामलों में केरल द्वारा पुनर्मिलान किए गए सात मामले भी शामिल हैं। आंकड़ों



के अनुसार, कोविड–19 के एक्टिव केस की संख्या संक्रमण के कुल मामलों का 0.12 प्रतिशत है जबकि संक्रमण से स्वस्थ होने की राष्ट्रीय दर बढ़कर 98.69 प्रतिशत हो गयी है।

बीते 24 घंटे में कोविड–19 का इलाज करा रहे लोगों की संख्या में 1,140 की गिरावट दर्ज की गयी है। संक्रमण की दैनिक दर 2.60 प्रतिशत दर्ज की गयी और साप्ताहिक संक्रमण दर 2.15 प्रतिशत रही। इस बीमारी से स्वस्थ होने वाले मरीजों की संख्या बढ़कर 4,38,80,464 हो गयी है जबकि मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत है। देशव्यापी कोविड–19 रोधी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक 213.52 करोड़ खुराकें दी जा चुकी है।

गौरतलब है कि देश में सात अगस्त 2020 को कोरोना वायरस संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे। देश में 19 दिसंबर 2020 को ये मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# कमजोर विपक्ष लोकतंत्र को खतरा

अवनीति और भगदड़ के संकट से जूझ रही कांग्रेस ने कल नई दिल्ली में हल्ला बोल दिल्ली का आयोजन किया जिसमें अच्छी खासी भीड़ भी दिखाई दी और राहुल गांधी के तल्ख तेवर भी। उन्होंने महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दे पर तो केंद्र की भाजपा और पीएम मोदी को घेरा ही इसके साथ ही उन्होंने उन पर नफरत और भय फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा गया कि वर्तमान केंद्र सरकार विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए ईडी और सीबीआई का बेजा इस्तेमाल कर रही है। राहुल गांधी यही नहीं रुके उन्होंने मीडिया, न्यायपालिका और चुनाव आयोग जैसी संस्थाओं पर सरकार के दबाव में काम करने का आरोप लगाया और कहा कि जब विपक्ष और आम लोगों की आवाज दबाई जा रही है तो तब उनके पास जनता के बीच जाने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है। इसमें कोई दो राय भी नहीं है कि लोकतंत्र तो जनता की राय पर चलता है भाजपा या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज अगर सत्ता में है तो उन्हें भी जनता ने ही यह अधिकार दिया है। इतिहास इस बात का साक्षी रहा है कि जब जब किसी सत्ताधारी दल या नेता ने जनता को नकारने या उसके हितों को चोट पहुंचाई है जनता ने उसे नकार कर सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाने में देर नहीं की है। स्वर्गीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जिन्होंने देश में इमरजेंसी लगाने का काम किया था उन्हें एक ही झटके में सत्ता से बाहर कर दिया गया था। आज की परिस्थितियों में भी भले ही भाजपा और उसके नेता स्वयं को अपराजित माने बैठे हो और सत्ता के अहंकार का शिकार होकर बड़ी बड़ी बातें या दावे कर रहे हो लेकिन अगर देश की जनता के मन में एक बार भी यह बैठ गया कि वह और उनकी सरकार जनहितों के खिलाफ काम कर रही है तो उन्हें फिर वही पहुंचने में बहुत समय नहीं लगेगा जहां से वह चले थे। जहां तक बात बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी की है तो इसमें कोई संदेह नहीं है कि भाजपा सरकार के 8 सालों में इसके सभी रिकॉर्ड टूट चुके हैं। जैसे जीएसटी कलेक्शन ने सरकार की आय बढ़ाने के पुराने सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए वैसे ही देश के लोगों ने इतनी महंगाई व बेरोजगारी पहले कभी नहीं देखी है। समाज में धार्मिक उन्माद और कट्टरवाद की प्रवृत्ति में लगातार वृद्धि हो रही है। विश्वविद्यालयों से लेकर सड़कों तक सर तन से जुदा के नारे लग ही नहीं रहे हैं बल्कि आए दिन ऐसी घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है, जो एक चिंता का विषय है। .ईडी और सीबीआई के दुरुपयोग या विपक्ष को डराने के लिए उसका इस्तेमाल किए जाने का जो आरोप लगाया जा रहा है उसके पीछे कारण यह है कि यह छापेमारी सिर्फ विपक्षी दलों के नेताओं पर क्यों? क्या सत्ता पक्ष पूरा का पूरा दूध का धुला है। राहुल गांधी जो जनता में जाने को ही अंतिम विकल्प मान रहे हैं उनकी यह सोच तो सही है लेकिन क्या जनता उनकी बात को गंभीरता से लेगी? यह सवाल इसलिए है क्योंकि देश का विपक्ष कमजोर हो चुका और बिखरा हुआ है तथा विपक्ष की एकता पर जनता को कोई भरोसा नहीं रहा है और यही भाजपा और उसके नेताओं की बड़ी ताकत बन चुकी है। यही कारण है कि भाजपा नेताओं के लिए विपक्षी दल और उसके नेता सिर्फ हंसी ठिठोली का विषय बने हैं। भले ही यह स्थिति देश में लोकतंत्र के लिए घातक सही लेकिन आज का सच तो यही है।

# अफगानिस्तान में रूसी दूतावास पर आत्मघाती हमला, 2 रूसी राजदूत सहित 25 की मौत

काबुल । अफगानिस्तान की राजधानी काबुल एक बार फिर धमाके से दहल गई है। ब्लास्ट इस बार रूस के दूतावास के पास हुआ है, जिसमें 2 रूसी राजदूत सहित 25 लोगों की मौत हो गई है। धमाका काबुल शहर के दारुल अमन इलाके में हुआ।



लोकल मीडिया की रिपोर्ट्स के मुताबिक धमाका रूसी दूतावास के गेट के सामने हुआ। इसे एक आत्मघाती हमलावर ने अंजाम दिया था। बताया जा रहा है कि दूतावास के बाहर तैनात तालिबान के सुरक्षा गार्ड्स ने हमलावर को पहचान लिया था। उन्होंने उसे गोली भी मारी। लेकिन अचानक ब्लास्ट हो गया। तालिबान के लोकल पुलिस प्रमुख मावलवी साबिर के मुताबिक सुसाइड बॉम्बर को टारगेट तक पहुंचने से पहले ही खत्म कर दिया गया। बता दें कि रूस उन चुनिंदा देशों में शामिल है, जिसने तालिबान के अफगानिस्तान पर कब्जा करने के बाद भी काबुल में अपने दूतावास का संचालन जारी रखा है। हालांकि मॉस्को ने आधिकारिक तौर पर तालिबान की सरकार को मान्यता नहीं दी है। समाचार एजेंसी के मुताबिक रूस के विदेश मंत्रालय ने काबुल में अपने दूतावास के पास हुए विस्फोट में दो कर्मचारियों के मारे जाने की बात स्वीकार कर ली है।

# भू-कानून के अध्ययन व परीक्षण को गठित समिति ने सीएम धामी को सौंपी रिपोर्ट

▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

2021 में प्रदेश का मुख्यमंत्री नियुक्त होने के बाद उसी वर्ष अगस्त माह में एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया था। समिति को राज्य में औद्योगिक विकास कार्यों हेतु भूमि की आवश्यकता तथा राज्य में उपलब्ध भूमि के संरक्षण के मध्य संतुलन को ध्यान में रख कर विकास कार्य प्रभावित न हों, इसको दृष्टिगत रखते हुए विचार - विमर्श कर अपनी संस्तुति सरकार को सौंपनी थी।

समिति ने राज्य के हितबद्ध पक्षकारों, विभिन्न संगठनों, संस्थाओं से सुझाव आमंत्रित कर गहन विचार - विमर्श कर लगभग 80 पृष्ठों में अपनी रिपोर्ट तैयार की है। इसके अलावा समिति ने सभी जिलाधिकारियों से प्रदेश में अब तक दी गई भूमि क्रय की स्वीकृतियों का विवरण मांग कर उनका परीक्षण भी किया।

समिति ने अपनी संस्तुतियों में ऐसे बिंदुओं को सम्मिलित किया है जिससे राज्य में विकास के लिए निवेश बढ़े और रोजगार के अवसरों में वृद्धि हो। साथ ही भूमि का अनावश्यक दुरूपयोग रोकने की भी अनुशंसा की है।

समिति ने वर्तमान में प्रदेश में प्रचलित उत्तराखंड (उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम, 1950) यथा संशोधित और यथा प्रवृत्त में जन भावनाओं के अनुरूप हिमाचल प्रदेश की तरह कतिपय प्रावधानों की संस्तुति की है।

समिति की प्रमुख संस्तुतियां-

- वर्तमान में जिलाधिकारी द्वारा कृषि अथवा औद्यानिक प्रयोजन हेतु कृषि भूमि क्रय करने की अनुमति दी जाती है। कतिपय प्रकरणों में ऐसी अनुमति का उपयोग कृषि/औद्यानिक प्रयोजन न करके रिसोर्ट/ निजी बंगले बनाकर दुरुपयोग हो रहा है। इससे पर्वतीय क्षेत्रों में लोग भूमिहीन हो रहें और रोजगार सृजन भी नहीं हो रहा है। समिति ने संस्तुति की है कि ऐसी अनुमतियां जिलाधिकारी स्तर से ना दी जाऐं। शासन से ही अनुमति का प्रावधान हो।

- वर्तमान में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम श्रेणी के उद्योगों हेतु भूमि क्रय करने की अनुमति जिलाधिकारी द्वारा प्रदान की जा रही है। हिमांचल प्रदेश की भाँति ही ये अनुमतियाँ, शासन स्तर से न्यूनतम भूमि की आवश्यकता के आधार पर, प्राप्त की जाएं।

- वर्तमान में राज्य सरकार पर्वतीय एवं मैदानी में औद्योगिक प्रयोजनों, आयुष, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, उद्यान एवं विभिन्न प्रसंस्करण, पर्यटन, कृषि के लिए 12.05 एकड़ से ज्यादा भूमि आवेदक संस्था/फर्म/ कम्पनी/ व्यक्ति को उसके आवेदन पर दे सकती है। उपरोक्त प्रचलित व्यवस्था को समाप्त करते हुए हिमाचल प्रदेश की भांति न्यूनतम भूमि आवश्यकता के आधार पर दिया जाना उचित होगा।

- केवल बड़े उद्योगों के अतिरिक्त 4-5 सितारा होटल / रिसॉर्ट, मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, वोकेशनल/प्रोफेशनल इंस्टिट्यूट आदि को ही Essentiality Certificate के आधार भूमि क्रय करने की अनुमति शासन स्तर से दी जाए। अन्य प्रयोजनों हेतु लीज पर ही भूमि उपलब्ध कराने की व्यवस्था लाने की समिति संस्तुति करती है।

- वर्तमान में, गैर कृषि प्रयोजन हेतु खरीदी गई भूमि को 10 दिन में S-D-M. धारा- 143 के अंतर्गत गैर कृषि घोषित करते हुए खतौनी में दर्ज करेगा।

परन्तु क्रय अनुमति आदेश में 2 वर्ष में भूमि का उपयोग निर्धारित प्रयोजन में करने की शर्त रहती है। यदि निर्धारित अवधि में उपयोग ना करने पर या किसी अन्य उपयोग में लाने/विक्रय करने पर राज्य सरकार में भूमि निहित की जाएगी, यह भी शर्त में उल्लखित रहता है।

यदि 10 दिन में गैर कृषि प्रयोजन हेतु क्रय की गई कृषि भूमि को गैर कृषि घोषित कर दिया जाता है, तो फिर यह धारा-167 के अंतर्गत राज्य सरकार में (उल्लंघन की स्थिति में) निहित नहीं की जा सकती है। अतः नई उपधारा जोड़ते हुए उक्त भूमि को पुनः कृषि भूमि घोषित करना होगा तत्पश्चात उसे राज्य सरकार में निहित किया जा सकता है।

- कोई व्यक्ति स्वयं या अपने परिवार के किसी भी सदस्य के नाम बिना अनुमति के अपने जीवनकाल में अधिकतम 250 वर्ग मीटर भूमि आवासीय प्रयोजन हेतु खरीद सकता है।

समिति की संस्तुति है कि परिवार के सभी सदस्यों के नाम से अलग अलग भूमि खरीद पर रोक लगाने के लिए परिवार के सभी सदस्यों के आधार कार्ड राजस्व अभिलेख से लिंक कर दिया जाए।

- राज्य सरकार भूमिहीन को अधिनियम में परिभाषित करे। समिति का सुझाव है कि पर्वतीय क्षेत्र में न्यूनतम 5 नाली एवं मैदानी क्षेत्र में 0.5 एकड़ न्यूनतम भूमि मानक भूमिहीन की परिभाषा हेतु औचित्यपूर्ण होगा।

- भूमि जिस प्रयोजन के लिए क्रय की गई, उसका उललंघन रोकने के लिए एक जिला / मण्डल / शासन स्तर पर एक टास्क फोर्स बनायीं जाए। ताकि ऐसी भूमि को राज्य सरकार में निहित किया जा सके।

- सरकारी विभाग अपनी खाली पड़ी भूमि पर साइनबोर्ड लगाएं।

- कतिपय प्रकरणों में कुछ व्यक्तियों द्वारा एक साथ भूमि क्रय कर ली जाती है तथा भूमि के बीच में किसी अन्य व्यक्ति की भूमि पड़ती है तो उसका रास्ता रोक दिया जाता है। इसके लिए Right of Way की व्यवस्था।

- विभिन्न प्रयोजनों हेतु जो भूमि खरीदी जायेगी उसमें समूह ग व समूह श्घश् श्रेणीयो में स्थानीय लोगो को 70% रोजगार आरक्षण सुनिश्चित हो। उच्चतर पदों पर योग्यतानुसार वरीयता दी जाए।

- विभिन्न अधिसूचित प्रयोजनों हेतु प्रदान की गयीं अनुमतियों के सापेक्ष आवेदक इकाइयों/ संस्थाओं द्वारा कितने स्थानीय लोगों को रोजगार दिए गए, इसकी सूचना अनिवार्य रूप से शासन को उपलब्ध कराने की व्यवस्था हो

- वर्तमान में भूमि क्रय करने के पश्चात भूमि का सदुपयोग करने के लिए दो वर्ष की अवधि निर्धारित है और राज्य सरकार को अपने विवेक के अनुसार इसे बढ़ाने का अधिकार दिया गया है। इसमें संशोधन कर विशेष परिस्थितयों में यह अवधि तीन वर्ष (2 + 1 = 3) से अधिक नहीं होनी चाहिए।

- पारदर्शिता हेतु क्रय- विक्रय, भूमि हस्तांतरण एवं स्वामित्व संबंधी समस्त प्रक्रिया Online हो। समस्त प्रक्रिया एक वेबसाइट के माध्यम से पब्लिक डोमेन में हो।

- प्राथमिकता के आधार पर सिडकुल/ औद्योगिक आस्थानों में खाली पड़े औद्योगिक प्लाट्स/ बंद पड़ी फैक्ट्रियों की भूमि का आबंटन औद्योगिक प्रयोजन हेतु किया जाए।

- प्रदेश में वर्ष बन्दोबस्त हुआ है। जनहित/ राज्य हित में भूमि बंदोबस्त की प्रक्रिया प्रारंभ की जाए।

- भूमि क्रय की अनुमतियों का जनपद एवं शासन स्तर पर नियमित अंकन एवं इन अभिलेखों का रख-रखाव ।

- धार्मिक प्रयोजन हेतु कोई भूमि क्रय/ निर्माण किया जाता है तो अनिवार्य रूप से जिलाधिकारी की रिपोर्ट के आधार पर शासन स्तर से निर्णय लिया जाए।

- राज्य में भूमि व्यवस्था को लेकर जब भी कोई नया अधिनियम/ नीति / भूमि सुधार कार्यक्रम चलायें जायें तो राज्य हितबद्ध पक्षकारों / राज्य की जनता से सुझाव अवश्य प्राप्त कर लिए जाएँ।

- नदी- नालों, वन क्षेत्रों, चारागाहों, सार्वजनिक भूमि आदि पर अतिक्रमण कर अवैध कब्जे /निर्माण / धार्मिक स्थल बनाने वालों के विरुद्ध कठोर दंड का प्रावधान हो। संबंधित विभागों के अधिकारियों के विरुद्ध भी कार्यवाई का प्रावधान हो। ऐसे अवैध कब्जों के विरुद्ध प्रदेशव्यापी अभियान चलाया जाए।

---

'युष्मोतो विप्रो मरुत: शतस्वी युष्मोतो अर्वा सहुरि: सहस्री।'

'युष्मोत: सम्राळुत हन्ति वृत्रं प्र तद्वो अस्तु धूतयो देष्णम्।।'

(ऋग्वेद ७-५८-४)

हे दिव्य सिद्धांतों ! साधु प्रवृत्ति के विद्वान आपके संरक्षण में सैकड़ों उपलब्धियां प्राप्त करते हैं। आपके द्वारा संरक्षित क्रियाशील मनुष्य अपने शत्रुओं (काम, क्रोध, लोभ, मोह, आदि) को पराजित करने में समर्थ होते हैं। आपके द्वारा संरक्षित शासक शत्रुओं को पराजित कर पाता है और अज्ञानता के अंधकार को दूर करता है। हम प्रार्थना करते हैं कि हमारे विकास के लिए आपका संरक्षण हमें भी प्राप्त हो।

O divine principles ! Under your patronage, scholars of the sage tendency achieve hundreds of accomplishments. The active human beings patronised by you are capable of defeating their enemies (lust, anger, greed, affection, etc.). The ruler patronised by you is able to defeat the enemies and dispel the darkness of ignorance. We pray that we may also receive your patronage for our development. (Rig Veda 7-58-4)

# राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय में किया गया वृक्षारोपण अभियान

संवाददाता

देहरादून। क्लीन एण्ड ग्रीन इंन्वायरमेंट सोसायटी ने पछवादून में राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय में वृक्षारोपण अभियान चलाया।

आज यहां क्लीन एण्ड ग्रीन इंन्वायरमेंट सोसायटी ने पछवादून के राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय, सेलाकुई में वृहद वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रजातियों के 80 से अधिक वृक्षों का रोपण किया गया। लगाए गए वृक्षों में बहेड़ा, सिल्वर ओक, तेजपात, बांस, अमलतास, गुलमोहर, आंवला, शीशम, पिलखन इत्यादि वृक्ष शामिल किए गए। वर्ष 2022 में क्लीन एण्ड ग्रीन इंन्वायरमेंट सोसायटी द्वारा किया गया यह आठवां वृक्षारोपण अभियान है। उक्त विद्यालय पछवादून क्षेत्र के अंर्तगत आता है। समस्त विद्यालयों के शिक्षक सुशील कुमार द्वारा समिति से राजकीय आदर्श विद्यालय और उसके बाहर की मुख्य सड़क पर वृक्षारोपण किये जाने हेतु निवेदन किया गया, जिसे स्वीकार करते समिति ने विद्यालय तथा उसके बाहर की मुख्य सड़क पर वृक्षारोपण किया और साथ ही प्रत्येक वृक्षों पर ट्री गार्ड्स वृक्षो की सुरक्षा हेतु लगाए गए। समिति द्वारा राजकीय आदर्श विद्यालय के अध्यापकों को लगाए गए वृषो की देखभाल करने और उन्हें बचाने का प्रण दिलाया गया। विद्यालयों के समस्त बच्चों द्वारा उक्त वृक्षारोपण कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर सहयोग किया और समिति के सदस्यों के साथ मिलकर वृक्ष लगाए। इस वर्ष समिति द्वारा 1500 से अधिक वृक्ष लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इस वृक्षारोपण अभियान में समिति के अध्यक्ष राम कपूर, उपाध्यक्ष रंदीप अहलूवालिया, कोषाध्यक्ष शम्भू शुक्ला, नितिन कुमार, दीपक वासुदेवा, जेपी किमोठी, मंजुला रावत, सुमित खन्ना, लोहित पांडेय, प्रदीप रावत, रविंदर जूनियर, सुबोध गौड़, चमन सिंह, प्रवीण कुमार पोलु तथा राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय के समस्त बच्चों के साथ साथ शिक्षक सुशील कुमार तथा स्टाफ उपस्थित रहे।



# खाई में गिरा युवक, मौत

हमारे संवाददाता

पिथौरागढ़। गहरी खाई में गिरने से एक युवक की मौत हो गयी। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार देर रात गोकुल सिंह मर्तोलिया पुत्र गंगा सिंह निवासी ग्राम सूरिंग मुनस्यारी द्वारा थाना मुनस्यारी को सूचना दी गई कि उनका साला सचिन फर्स्वाण पुत्र गंगा सिंह, निवासी मल्ला घोरपट्टा गुमशुदा है। जो शायद शराब के नशे में सुरिंग से नीचे चट्टान में गिर सकता है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस फोर्स आपदा उपकरण- रस्सा, टॉर्च, स्ट्रचर, बॉडी कवर, आदि लेकर तुरंत घटनास्थल की ओर रवाना हुई तथा गहरी खाई में सर्च अभियान चलाया गया, जिसमें मृतक का शव करीब 110 मीटर नीचे गहरी खाई में बरामद हुआ। पुलिस टीम द्वारा मृतक को कड़ी मशक्कत के बाद खाई से बाहर निकाला एवं शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है।

# मोर्चा ने की 26 थानों को निरीक्षक स्तर का करने की मांग

संवाददाता

देहरादून। जन संघर्ष मोर्चा ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन देकर 26 थानों को निरीक्षक स्तरीय करने की मांग की। आज यहां जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने प्रदेश के 26 उप निरीक्षक स्तरीय थानों को निरीक्षक स्तरीय थानों में तब्दील कराने को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। धामी ने सचिव, गृह को तत्काल पत्रावली प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। नेगी ने कहा कि प्रदेश के 160 थानों में से 26 थाने उप निरीक्षक स्तरीय हैं तथा 54 थाने वर्तमान में निरीक्षक स्तरीय हैं। जनपद देहरादून व उधमसिंह नगर के 5-5, हरिद्वार के 6, चमोली, नैनीताल व जीआरपी के 2-2, चंपावत, पौड़ी व टिहरी के 1-1 थाने का उच्चीकरण होने से पुलिसिंग व्यवस्था मजबूत होगी एवं अपराधों पर अंकुश लगने के साथ-साथ अवैध कारोबारियों पर भी लगाम लगेगी। इसके अतिरिक्त पुलिस कर्मियों की पदोन्नति भी हो सकेगी। प्रतिनिधिमंडल में जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण शर्मा पिन्नी मौजूद थे।



# अधिकारी संवेदनशीलता से जनसमस्याओं को निस्तारित करें:डीएम

संवाददाता

देहरादून। जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका ने कहा कि अधिकारी संवेदनशीलता से आम जनमानस की समस्याओं को निस्तारित करें।

आज यहां जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका ने जनता की समस्याओं की सुनवायी के दौरान निर्देश दिये कि लोगों की समस्याओं का समाधान धरातल स्तर पर ही सुनिश्चित किया जाए। अधिकारी संवेदनशीलता से आम जनमानस की समस्याओं को निस्तारित करें। जिला कलेक्ट्रेट में जन सुनवाई के दौरान अतिक्रमण, भूमि कब्जा, भूमि खरीद-फरोख्त से संबंधित विवाद, स्ट्रीट लाइट, सीवर लाइन से संबंधित समस्याएं, सामाजिक पेंशन, युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति, शस्त्र लाइसेंस निरस्त्रीकरण, क्षतिग्रस्त पेयजल लाइनों की मरम्मत, दाखिल खारिज, सीमांकन, सीवर का पानी की निकासी, सरकारी भूमि पर कब्जा हटवाने जैसी शिकायतें लोगों ने जिलाधिकारी के समक्ष रखी। जिलाधिकारी द्वारा शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को मौके पर ही निर्देश दिए गए। देहरादून के अमृतकुंज मे स्ट्रीट लाइट्स से संबंधित



शिकायतों का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने नगर निगम को इस पर त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देश दिए। जनपद में पीएमजीएसवाई द्वारा सड़कों के कटान के दौरान मलबे के निस्तारण से संबंधित शिकायतों के संबंध में जिलाधिकारी ने सिटी मजिस्ट्रेट कुसुम चौहान को कार्यवाही हेतु निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सरखेत आपदा प्रभावित क्षेत्र में जल्द से जल्द सोलर लाइट लगवाने के भी निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश दिए कि जिला प्रशासन द्वारा लोगों की समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध तरीके से किया जाए। अधिकारी संवेदनशीलता तथा मानवीय दृष्टिकोण के साथ कार्य करें। समस्त विभाग आपसी समन्वय तथा सहयोगात्मक कार्यशैली अपनाएं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि ग्राम ब्लॉक तथा तहसील स्तरीय अधिकारी आम जनमानस की समस्याओं का निराकरण कुशलता तथा अविलंब अपने स्तर पर करने का प्रयास करें ताकि लोगों को परेशानी ना हो। जनसुनवाई में मुख्य विकास अधिकारी झरना कमठान, अपर जिलाधिकारी डॉ शिव कुमार बरनवाल, के के मिश्रा, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, नगर मजिस्ट्रेट कुसुम चौहान, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी दीपशिखा रावत संबंधित समस्त विभागों के अधिकारी उपस्थित थे तथा समस्त उप जिलाधिकारी वर्चुअल माध्यम से जनसुनवाई से जुड़े रहे।

# डा. सर्वपल्ली राधकृष्णन को याद किया

देहरादून। नेताजी संघर्ष समिति के उपाध्यक्ष प्रभात डंडरियाल और महासचिव आरिफ वारसी व प्रदीप कुकरेती ने आज एक संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए देश के भूतपूर्व राष्ट्रपति डॉ स्वर्गीय सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर उन्हें याद किया। स्मरण रहे कि डॉक्टर राधाकृष्णन के जन्म दिवस को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। समिति के पदाधिकारियों ने इस अवसर पर छात्रों से आग्रह किया कि वह शिक्षक और गुरु की परंपरा को यथावत बनाए रखें गुरु को बहुत ऊँचा स्थान दिया जाता है क्योंकि शिक्षक ही छात्रों का भविष्य सुधारते हैं। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि हमे संकल्प लेना चाहिए कि हम देश वासी स्वर्गीय राधाकृष्णन के अधूरे कार्यों को पूरा करें।

# चरस व गांजे के साथ तीन गिरफ्तार

देहरादून (संवाददाता)। पुलिस ने चरस व गांजे के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार डोईवाला कोतवाली पुलिस ने कुआंवाला के पास एक कार को रूकने का इशारा किया तो कार चालक कार को तेजी से भगा ले गया। पुलिस ने पीछा कर कार को थोडी दूरी पर रोक लिया और कार में सवार दो लोगों को हिरासत में कार की तलाशी ली तो कार से 19 किलो गांजा बरामद कर लिया। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम विनोद पुत्र रवि नाथ निवासी मोथरोवाला व रोहित पुत्र आसिफ नाथ निवासी चोरखाला बताया। ऋषिकेश कोतवाली पुलिस ने 14 बीघा के पास एक मोटरसाईकिल सवार को 172 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपना नाम राजवीर सिंह पुत्र तोता सिंह निवासी उत्तरकाशी बताया।

# मोटरसाईकिल चोरी

देहरादून। चोरों ने खुले स्थान से मोटरसाईकिल चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार सेलाकुई निवासी इंदिरा देवी ने सेलाकुई थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी मोटरसाईकिल जमनपुर नदी के पास खडी थी। थोडी देर बाद उसने देखा कि उसकी मोटरसाईकिल अपने स्थान से गायब थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# अभाकिस ने माजरी ग्रांट में किया 13 सदस्य कमेटी का गठन

कार्यालय संवाददाता

डोईवाला। अखिल भारतीय किसान सभा ने डोईवाला मण्डल के सम्मेलन से पहले ग्राम कमेटियों का गठन करते हुए माजरी ग्रांट में किया 13 सदस्य कमेटी का गठन ।

किसान सभा की माजरी ग्रांट में आयोजित बैठक की अध्यक्षता श्री तरणजीत सिंह व संचालन अनूप कुमार पाल ने किया । बैठक में किसान सभा के जिलाध्यक्ष दलजीत सिंह, जिला संयुक्त सचिव याकूब अली व जाहिद अंजुम मुख्य रूप से उपस्थित हुए । बैठक में किसानों की समस्याओं के लिए लड़ने और समस्याओं को जोरशोर से उठाने पर अपनी बात रखते हुए किसान सभा जिलाध्यक्ष दलजीत सिंह ने कहा कि किसान सभा किसानों का एक मजबूत व भारत मे सबसे बड़ा संघठन है जो एक लोकतांत्रिक तरीके से किसानों के लिए लड़ता है । और किसानों व मजदूरों की समस्याओं के निराकरण के लिए हमेशा तत्पर रहता है । ऐसे किसान संघठन का आधार सभी ग्रामों में होना चाहिए ताकि एक मजबूत संघठन का निर्माण किया जा सके ।

उन्होंने कहा कि किसान सभा 15 सितम्बर 2022 तक डोईवाला क्षेत्र के अधिकांश ग्रामो में ग्राम कमेटियों का गठन करते हुए 18 सितम्बर 2022 को डोईवाला मण्डल का सम्मेलन करेगी ताकि एक सशक्त मण्डल कमेटी का गठन कर डोईवाला क्षेत्र में एक मजबूत किसान सभा बनाई जा सके ।

किसान सभा जिला संयुक्त सचिव याकूब अली व जाहिद अंजुम ने कहा कि किसान सभा एक गैर राजनीतिक और लोकतांत्रिक किसान संघठन है जो देश का सबसे बड़ा किसान संघठन है । उन्होंने कहा कि अगर हम सब किसान संघठित होकर किसानों की समस्याओं पर आंदोलन करेंगे तो तभी समस्याओं का समाधान हो सकता है ।

बैठक के बाद 13 सदस्य कमेटी का गठन करते हुए श्री सत्यपाल को अध्यक्ष व अनूप कुमार पाल को सचिव , सुशील कुमार उर्फ छोटा भाई कोषाध्यक्ष, दयाराम को संयुक्त सचिव एवं कर्मजीत सिंह को उपाध्यक्ष बनाया गया । तथा शमशेर सिंह, मुन्ना लाल चौधरी, सुनील कुमार ,ओम प्रकाश, समशेर 2दक, दुलीचन्द, वीरेन्द्र पाल और मेघवाल को कार्यकरणी सदस्य बनाया गया ।

बैठक में राजेश कुमार, नोरतुपाल, वेद प्रकाश, सरजीत पाल, नाथी राम आदि काफी संख्या में किसान उपस्थित हुए ।

# वन दरोगा भर्ती घोटाले में एसटीएफ ने दो लोगों को गिरफ्तार किया

संवाददाता

देहरादून। एसटीएफ ने वन दरोगा भर्ती घोटाले में शामिल दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ऑनलाइन माध्यम से कर यी गयी वन दरोगा भर्ती की जांच के लिए पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार को निर्देश दिये थे। जिसके बाद पुलिस महानिदेशक ने यह मामला एसटीएफ को सौप दी है। एसटीएफ की जांच में वनदरोगा भर्ती में घोटाले की पुष्टि हो चुकी थी जिसके बाद एसटीएफ ने साइबर थाने मे मुकदमा दर्ज करा दिया था। आज एसटीएफ ने हरिद्वार जनता के लक्सर से रविन्द्र व खानपुर से प्रशांत को गिरफ्तार कर लिया है। वन दरोगा के 316 पदो के लिए वर्ष 2021 में 16 सितम्बर से 25 सितम्बर तक ऑनलाइन भर्ती परीक्षाएं करवायी गयी थी जोकि 18 शिफ्टों में हुई थी। जिसमें धांधली का अंदेशा होने पर इसकी जांच एसटीएफ को सौंपी गयी है।

# जैन को बरखास्त क्यों नहीं करते केजरीवाल?

कट्टर ईमानदार नेता अरविंद केजरीवाल ने जेल में बंद अपने एक मंत्री सत्येंद्र जैन को अभी तक बरखास्त नहीं किया है। उनको विभाग जरूर उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को दे दिए गए लेकिन उनको मंत्री पद से नहीं हटाया गया। उनकी स्थिति जेल में बंद बिना विभाग के मंत्री की है।

पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी ने भी पार्थ चटर्जी की गिरफ्तारी के बाद थोड़े दिन उनको नहीं हटाया था लेकिन बाद में ममता ने पार्थ को मंत्री पद से हटा दिया। हर हाल में अपने मंत्रियों और नेताओं का बचाव करने वाली ममता बनर्जी ने यहां तक कहा कि अगर पार्थ ने गड़बड़ी की है तो कानून के हिसाब से कोई भी कार्रवाई हो पार्टी उसमें दखल नहीं देगी। लेकिन कट्टर ईमानदार नेता ने हवाला कारोबार करने के आरोप में गिरफ्तार अपने मंत्री को अभी तक पद से नहीं हटाया है।

इसमें अब दूसरे आयाम भी जुड़ गए हैं, जिसे लेकर अदालत में एक याचिका भी दायर हुई थी। हालांकि अदालत ने उस पर विचार करने से इनकार कर दिया। लेकिन उस याचिका में बहुत जायज सवाल उठाए गए थे। याचिकाकर्ता ने कहा था कि सत्येंद्र जैन 'मानसिक रूप से अस्थिर हो गए हैं' और कानून कहता है कि मानसिक रूप से अस्थिर किसी व्यक्ति को मंत्री नहीं बनाया जा सकता है। (आरएनएस)

# एक खास प्रोजेक्ट के लिए परिणीति चोपड़ा और हार्डी संधू ने मिलाया हाथ

परिणीति चोपड़ा बॉलीवुड की सफल अभिनेत्रियों में शामिल हैं। उन्होंने एक से बढ़कर एक कई फिल्मों में काम किया है। हाल में उन्हें कलर्स के शो हुनरबाज को जज करते हुए देखा गया था। अब उनके प्रशंसकों के लिए एक खुशखबरी आई है। कहा जा रहा है कि उन्होंने एक खास प्रोजेक्ट के लिए गायक हार्डी संधू के साथ हाथ मिलाया है। हालांकि, इस प्रोजेक्ट से संबंधिक विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है।

परिणीति ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर इस प्रोजेक्ट से संबंधित जानकारी दी है। उन्होंने अपना और हार्डी का लुक शेयर करते हुए लिखा, जल्द आ रहा है। चलिए इसे करते हैं। इन दोनों कलाकारों के लुक को देखते हुए कयास लगाया जा रहा है कि उनका यह खास प्रोजेक्ट स्वतंत्रता दिवस से जुड़ा हुआ है। परिणीति ने अपने हैशटैग में तिरंगा, स्वतंत्रता दिवस और भारत को टैग किया है।

खबरों की मानें तो परिणीति और हार्डी एक म्यूजिक वीडियो के लिए साथ आए हैं। परिणीति एक अच्छी गायिका भी हैं, इसलिए लोगों को लग रहा है कि वह हार्डी के साथ एक म्यूजिक वीडियो में गायिका के रूप में नजर आएंगी। टी-सीरीज ने भी अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर परिणीति की वही तस्वीर शेयर की है, जिसे अभिनेत्री ने अपने पोस्ट में शेयर किया है। फैंस परिणीति के नए प्रोजेक्ट को लेकर शुभकामनाएं दे रहे हैं। परिणीति कई फिल्मों में गाने गा चुकी हैं। उन्होंने अपनी फिल्म मेरी प्यारी बिंदू का गाना माना के हम यार नहीं गाया था। इस गाने को करोड़ों लोगों ने अपना प्यार दिया। अभिनेत्री ने फिल्म केसरी के गाने तेरी मिट्टी को अपनी आवाज दी थी।

परिणीति ने 2011 में रणवीर सिंह की फिल्म लेडिज वर्सेस रिकी बहल के साथ डेब्यू किया था। इसके बाद अर्जुन कपूर अभिनीत फिल्म इश्कजादे आई, जिससे उन्हें असली फेम मिला।


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन


# मेटाबॉलिज्म को तेज करने में मदद कर सकते हैं ये खाद्य पदार्थ



शरीर में हो रही रासायनिक प्रतिक्रियाओं को मेटाबॉलिज्म कहा जाता है और यह खाने को ऊर्जा में बदलने का काम करती है, जिससे शरीर को सुचारू रूप से चलाने में मदद मिलती है। अगर आपका मेटाबॉलिज्म तेज होगा तो आप जल्दी कैलोरी बर्न करेंगे और इससे बढ़ते वजन को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। आइए आज हम आपको पांच ऐसे खाद्य पदार्थों के बारे में बताते हैं, जिन्हें डाइट में शामिल करके आप अपने मेटाबॉलिज्म को तेज कर सकते हैं।

ब्रोकली

ब्रोकली में ग्लूकोराफेनिन नामक खास तत्व होता है, जो मेटाबॉलिज्म को तेज करने में मदद करता है। यही नहीं, ग्लूकोराफेनिन रक्त में वसा के स्तर को कम करने समेत उम्र से संबंधित बीमारियों के जोखिम को कम करने में भी सहायक है। ब्रोकली विटामिन- ए, विटामिन- सी, विटामिन- ई, एंटी-ऑक्सिडेंट और फाइबर से भी युक्त होती है, जो कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने में सक्षम हैं।

अदरक

अदरक को मेटाबॉलिज्म को तेज करने वाले गुणों से समृद्ध माना जाता है इसलिए अपनी डाइट में इसे जरूर शामिल करें, फिर चाहें इसका सेवन आप किसी भी तरह से करें क्योंकि यह आपके शरीर का तापमान और मेटाबॉलिज्म की दर को बढ़ा सकता है। इसके अतिरिक्त, भूख का स्तर भी कम हो जाता है। कई शोध के अनुसार, भोजन के साथ अदरक वाला गर्म पानी पीने से 43 कैलोरी अधिक बर्न करने में मदद मिल सकती है।

बीन्स और फलियां

बीन्स और फलियां जैसे मटर, दाल, मूंगफली, काली बीन्स और छोलों में अन्य खाद्य पदार्थों की तुलना में अधिक प्रोटीन मौजूद होता है। अध्ययनों के अनुसार, फलियों में मौजूद उच्च प्रोटीन और टीईएफ (खाद्य पदार्थों का ऊष्मीय प्रभाव) मेटाबॉलिज्म को बढ़ाने में अहम भूमिका अदा कर सकते हैं। इसके अलावा, ये फाइबर से युक्त होते हैं, जो आंत में गुड बैक्टीरिया को उत्पन्न करने में सहायक साबित होते हैं।



मिर्च

मिर्च में कैप्साइसिन नामक एक रसायन होता है, जो आपके शरीर में कैलोरी बर्न करने की दर को बढ़ा सकता है, जिससे मेटाबॉलिज्म को भी बढ़ावा मिलता है। कैप्साइसिन भूख को कम करने की क्षमता भी नियंत्रित करता है। यही वजह है कि मिर्च से युक्त भोजन आपको तृप्ति का अहसास देता है और मेटाबॉलिज्म को तेज करता है। एक अध्ययन के अनुसार, एक मिर्च का सेवन कैलोरी की खपत को कम करने में काफी मदद करता है।

अंडे

अंडे जैसे प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ मेटाबॉलिज्म को तेज करने के लिए सबसे अच्छे विकल्पों में से हैं। एक उबले अंडे में लगभग 6.29 ग्राम प्रोटीन होता है। बता दें कि प्रोटीन मेटाबॉलिज्म दर को बढ़ाने में मदद करता है क्योंकि शरीर को इसे पचाने के लिए कार्ब्स और वसा की तुलना में अधिक ऊर्जा की आवश्यकता होती है। अध्ययनों के अनुसार, उच्च प्रोटीन वाला आहार मेटाबॉलिज्म को एक दिन में 80-100 कैलोरी तक बढ़ा देता है। (आरएनएस)

## शब्द सामर्थ्य -52

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 | ■ | ■ |
| 6 | | ■ | 7 | | | | 8 | ■ |
| 9 | | 10 | | ■ | | ■ | 11 | |
| 12 | | | ■ | 13 | | 14 | | ■ |
| ■ | 15 | | | | ■ | | ■ | 16 |
| 17 | ■ | | ■ | 18 | | | ■ | |
| 19 | | ■ | ■ | ■ | ■ | 20 | 21 | |
| | ■ | 22 | | 23 | | ■ | 24 | |
| 25 | | | ■ | 26 | | | | ■ |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 51 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्क | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | खि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | र्द | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | वि | ■ | ह | ■ |
| प | ह | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |

## सैयामी खेर अपने अगले प्रोजेक्ट के लिए प्रतीक गांधी के साथ नज़र आयेंगी

सैयामी खेर आज एक व्यस्त एक्टर्स में से एक है, जिसके दो बड़े प्रोजेक्ट आने वाले हैं। सैयामी अपने अगले प्रोजेक्ट में प्रतीक गांधी के साथ नज़र आने की चर्चा में है। प्रतीक को सोनी लिव सीरीज़ स्कैम 1992 में हर्षद मेहता की भूमिका निभाने के लिए जाना जाता है। सैयामी और प्रतीक एक साथ इस प्रॉजेक्ट में नज़र आएंगे, जिसे एक्सेल एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित किया जाएगा और इसे रईस फिल्म के निर्देशक राहुल ढोलकिया द्वारा निर्देशित किया जाएगा। फिल्म का टाइटल अग्नि है जिसमें दिव्येंदु शर्मा भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। इस फिल्म की कहानी अग्निशामक दल पर निर्धारित है। हालांकि प्रोजेक्ट के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है, शूटिंग इस महीने शुरू हो चुकी है। ज्यादातर शूटिंग मुंबई और दिल्ली में होगी। पिछले साल दोनों अभिनेताओं ने पहले गंगिस्तान नामक एक पॉडकास्ट के लिए सहयोग किया था जो स्पॉटिफाई पर स्ट्रीमिंग कर रहा है। फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी की प्रोडक्शन कंपनी एक्सेल एंटरटेनमेंट ने दिल चाहता है, गली बॉयज़ आदि जैसी फिल्मों का निर्माण किया है, और आखिरी केजीएफ चैप्टर 2 है। सैयामी जल्द ही लोकप्रिय वेब सिरीज़ ब्रीद इनटू द शैडोस की तीसरी किस्त में दिखाई देगी। और एक फिल्म घूमर, दोनों अभिषेक बच्चन के साथ होगी। घूमर, जिसकी कप्तानी आर बाल्की कर रहे हैं।

## अब वन्यजीव फोटोग्राफर बनी अभिनेत्री सदा

तमिल और तेलुगु में कई ब्लॉकबस्टर फिल्मों का हिस्सा रह चुकीं अभिनेत्री सदा, अब वन्यजीव फोटोग्राफर बन गई हैं। विक्रम-स्टारर अन्नियां, अननाले उन्नाले और जयम सहित कई ब्लॉकबस्टर में महिला प्रधान भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर एक ब्लैक पैंथर की तस्वीरें डालीं, जिसे उन्होंने पेंच टाइगर रिजर्व, मध्य प्रदेश में शूट किया था। श्यामा नामक पैंथर की तस्वीरें पोस्ट करते हुए अभिनेत्री ने कहा, वह युवा है, वह बोल्ड है, वह जिज्ञासु और चंचल है, वह पेंच की श्यामा है, जिसने वन्यजीव में रूचि रखने वाले लोगों को एक नया तोहफा दिया है। 12 अगस्त को मेरे पेंच पहुंचने से पहले उसे देखा गया था। चार सफारी के बाद अपनी यात्रा समाप्त करने और घर वापस जाने से ठीक पहले उसे फिर देखा गया। मुझे उसकी तस्वीरें देखकर तुरंत प्यार हो गया। मुझे हमेशा से ही ब्लैक कैट पसंद है। लेकिन मैं वहां दुबारा नहीं जा पाउंगी।

## रजनीकांत ने अपनी 169वीं फिल्म की शूटिंग शुरू की

निर्देशक नेल्सन दिलीप कुमार की बहुप्रतीक्षित फिल्म जेलर की शूटिंग शुरू हो गई। इस फिल्म में मुख्य भूमिका में सुपरस्टार रजनीकांत नजर आएंगे। रजनीकांत की 169वीं फिल्म के प्रोडक्शन हाउस सन पिक्च र्स ने बताया, जेलर ने अपना एक्शन टुडे शुरू किया !संगीत निर्देशक अनिरुद्ध ने संकेत दिया कि शूटिंग शुरू होनी है।

उन्होंने ट्विटर पर एक पोस्टर जारी किया जिसमें लिखा था, जेलर वरारू या जेलर आ रहा है। सूत्रों का कहना है कि, फिल्म की शूटिंग अब एक ऐसे स्थान पर चल रही है जहां एक समय शहर में एक लोकप्रिय होटल और रेस्तरां हुआ करता था।

रजनीकांत आज थाने के सेट में शूटिंग करने वाले हैं। अफवाहों के मुताबिक, सेट पर एक टेस्ट शूट किया जा रहा था जिसमें कलाकारों को खंजर और चाकू लिए देखा गया। यह भी कहा जाता है कि, तमन्ना भाटिया को इस प्रोजेक्ट के लिए साइन किया गया है। हालांकि इस संबंध में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। परियोजना में अपनी उपस्थिति की पुष्टि करने वाली एकमात्र अभिनेत्री राम्या कृष्णन हैं, जिनके बारे में माना जाता है कि उन्होंने एक प्रकाशन को बताया कि उन्होंने 1० अगस्त से फिल्म पर काम करना शुरू कर दिया है। जाने-माने स्टाइलिस्ट आलिम हाकिम को रजनीकांत के लिए साइन किया गया है। फिल्म का निर्माण सन पिक्च र्स के कलानिधि मारन द्वारा किया जा रहा है और इसमें अनिरुद्ध ने संगीत दिया है।

## आयुष शर्मा ने किया अगली फिल्म का ऐलान, गिटार बजाते हुए आएंगे नजर!

अभिनेता आयुष शर्मा इस वक्त अपनी आने वाली फिल्म को लेकर चर्चा में आ गए हैं और हाल ही में इसका ऐलान हुआ है। हालांकि फिल्म के टाइटल का खुलासा नहीं किया गया है। अभिनेता ने अपनी तीसरी फिल्म की पहली झलक एक दिलचस्प स्टिल के साथ सोशल मीडिया पर साझा की है और इसके सामने आने के बाद ये तेजी से वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया पर आयुष शर्मा काफी शानदार दिख रहे हैं। उनको अपने मुंह में एक रबर बैंड पकड़े हुए देखा जा सकता है जो परियोजना का न्यूनतम विवरण प्रदान करता है। उन्होने पोस्ट किया, इस फिल्म में गिटार भी बजाऊंगा और रबर बैंड भी और अगर मैं सारी डिटेल्स अभी बता दूंगा तो मजा भी किरकरा हो जाएगा। बस ये बोलना था, मिलेंगे 2०23 मई में। इसके बाद से लगातार उनको लेकर चर्चा हो रही है और फैंस इस प्रोजेक्ट का नाम जानना चाहते हैं। लवयात्री में दुबले-पतले आदमी के रूप में शोबिज में कदम रखते हुए, आयुष ने अंतिम: द फाइनल ट्रुथ में मस्कुलर, देहाती और खतरनाक गैंगस्टर के रूप में अपने उल्लेखनीय परिवर्तन के सभी चौंका दिया था।

## मैं हमेशा से अक्षय सर की बहुत बड़ी प्रशंसक रही हूं:रकुल प्रीत सिंह



अक्षय कुमार और रकुल प्रीत सिंह अभिनीत बहुप्रतीक्षित क्राइम-थ्रिलर कठपुतली को लेकर दर्शकों के मध्य उत्साह है। पहली बार इस मूवी के माध्यम से अक्षय कुमार और रकुल प्रीत सिंह की ऑन स्क्रीन केमिस्ट्री देखने के लिए मिलने वाली है। अक्षय कुमार के साथ काम करने के अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए, रकुल प्रीत ने बोला है कि, मैं हमेशा से अक्षय सर की बहुत बड़ी प्रशंसक रही हूं। रकुल प्रीत ने बोला है कि उन्होंने अक्षय कुमार के अनुशासन के बारे में केवल सुना था, लेकिन अब इसे देख भी लिया है। मुझे लगता है कि जब अपने काम से प्यार करने, अपने काम का सम्मान करने और उसकी हर प्रक्रिया में लगन से शामिल होने की बात आती है तब वे बहुत अद्भुत हैं। अपनी बात जारी रखते हुए रकुल बोलती है कि अक्षय सर के बारे में जो चीज मुझे पसंद है, वह है सेट पर उनकी ऊर्जा, जो सभी को एक साथ ले आती है और यही मैंने सीखा है, इसलिए, कुल मिलाकर, यह एक अद्भुत अनुभव भी किया है।

अक्षय कुमार ने फिल्म में एक कर्तव्यनिष्ठ सब इंस्पेक्टर अर्जन सेठी का रोल अदा किया है, जिन्होंने कसौली के लोगों को सुरक्षित रखने की शपथ ली है। हालांकि, किस्मत को कुछ और ही मंजूर था, क्योंकि हत्यारा कुछ इस तरह आतंक बढ़ता जा रहा है कि मौके पर केवल एक शव को छोड़कर कोई सबूत नहीं मिलता है। वासु भगनानी और जैकी भगनानी, दीपशिखा देशमुख और पूजा एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित और रंजीत एम तिवारी द्वारा निर्देशित कठपुतली हत्यारे को बेनकाब करती है और हत्यारे की मन:स्थिति को समझने के लिए अर्जन के कौशल का उपयोग करके रहस्य को उजागर कर रहा है।

### अभिनेता चियान विक्रम ने अपने प्रशंसकों को तकलीफ होने पर लिखा खास नोट

अभिनेता विक्रम, जो अपने आगामी एक्शन एंटरटेनर, कोबरा के प्रचार के लिए पूरे तमिलनाडु के दौरे पर हैं, उन्होंने त्रिची में अपने प्रशंसकों से होने वाली असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया है, जो कि पूर्व फिल्म इवेंट से संबधित था।

प्रशंसकों द्वारा प्यार से चियां विक्रम कहे जाने वाले विक्रम ने ट्विटर पर तमिल में लिखा, मेरे प्रिय प्रशंसकों को मेरा दिल से धन्यवाद, जिन्होंने मेरी त्रिची की यात्रा के दौरान एक प्री-रिलीज इवेंट के लिए मुझ पर इतना प्यार बरसाया।

कोबरा जिसे शब्दों में वर्णित नहीं किया जा सकता है।उसी समय, यह मेरे ध्यान में आया है कि कुछ समय के लिए एक अप्रिय वातावरण बना रहा। इसके लिए और असुविधा के लिए, मैं अपना खेद दर्ज करना चाहता हूं।

साथ ही अभिनेता ने यह भी कहा कि, उनको इस बात की जानकारी नही थी कि उनके प्रशंसकों ने इतनी तकलीफ हुई है।

## इंटरनेट पर छाई अभिनेत्री अश्लेशा सावंत



टेलीविज़न के चर्चित सीरियल अनुपमा में बरखा की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री अश्लेशा सावंत सोशल मीडिया पर एक्टिव हैं। वह आए दिन प्रशंसकों के लिए अपनी फोटोज और वीडियो शेयर करती रहती हैं। टीआरपी लिस्ट में पहले पायदान पर रहने वाले शो अनुपमा में अनुपमा और अनुज कपाड़िया की भाभी बरखा की भूमिका निभाने वाली अश्लेशा रियल लाइफ में बहुत फिट और बोल्ड हैं।

हाल ही मर अश्लेशा ने इंस्टाग्राम पर अपना एक वीडियो साझा किया है जिसमें वह अपनी फ्लैट बेली फ्लॉन्ट करती दिखाई दे रही हैं। अश्लेशा ने इस वीडियो को मेकअप रूम में रिकॉर्ड किया है जहां वह आइने में देखकर स्वयं की फ्लैट बेली को कैमरे के सामने फ्लॉन्ट कर रही हैं। ये वीडियो बहुत तेजी से फैन पेजों पर वायरल हो गया है।

कमेंट बॉक्स में प्रशंसकों ने अश्लेशा और उनके लुक की जमकर प्रशंसा की है। एक शख्स ने लिखा, खुले बालों में बहुत हसीन लग रही हो। वहीं एक शख्स ने लिखा, आपको किसी दिन हमारे साथ अपना हेल्थ रूटीन शेयर करना चाहिए मैम। बता दें कि टेलीविज़न शो अनुपमा में अश्लेशा नकारात्मक किरदार निभाती हैं तथा इस समय कहानी उनके इर्द-गिर्द ही घूम रही है। वही सोशल मीडिया पर अश्लेशा का ये वीडियो जमकर वायरल हो रहा हैं।( आरएनएस)

## मिसेज फलानी में नौ भूमिकाएं निभाएंगी स्वरा भास्कर

अभिनेत्री स्वरा भास्कर बॉलीवुड की उन अभिनेत्रियों में हैं जो अपनी बात बेबाकी से कहती हैं। राजनीति से लेकर सामाजिक मुद्दों पर वह अपनी राय खुलकर रखती हैं। स्वरा ने महिलाओं और उनकी इच्छाओं पर आधारित कई फिल्में की हैं। उनकी झोली में एक बार फिर से ऐसी ही एक फिल्म आई है। फिल्म का नाम मिसेज फलानी है। यह फिल्म स्वरा के लिए खास इसलिए है क्योंकि इस फिल्म में वह नौ किरदार निभाने जा रही हैं।

मिसेज फलानी में स्वरा को नौ अलग-अलग भूमिकाएं निभाने का मौका मिलेगा। इस फिल्म को साइन करके वह बेहद उत्साहित हैं।


रिपोर्ट के अनुसार स्वरा के लिए यह खुशी के साथ-साथ गर्व की बात है। काफी उत्साह के साथ उन्होंने कहा, मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं ऐसी फिल्म में काम करुंगी जिसमें मुझे नौ अलग किरदार करने को मिलेंगे। मुझे भरोसा है कि दर्शकों को मेरे सारे किरदार पसंद आएंगे।

मिसेज फलानी एक महिला केंद्रित फिल्म है। इस फिल्म में नौ अलग-अलग कहानियों को एक फिल्म के रूप में दिखाया जाएगा। सभी कहानी की मुख्य किरदार एक शादीशुदा महिला है। यह फिल्म इन महिलाओं के रोजमर्रा के संघर्षों को दिखाती है। इन किरदारों के अपने सपने बुनने और पूरा करने की कहानी है मिसेज फलानी। हर कहानी में स्वरा तीस-चालीस साल की महिलाओं का किरदार निभाएंगी। इनमें से कुछ भूमिका में वह टीनएज बच्चों की मां भी बनेंगी।

मिसेज फलानी का निर्देशन मनीष किशोर और मधुकर वर्मा कर रहे हैं। इस फिल्म का निर्माण सीता फिल्म्स और 3 ऐरो प्रोडक्शंस मिलकर कर रहे हैं। किशोर के अनुसार यह फिल्म सामाजिक मुद्दे पर नहीं, बल्कि यह इन महिलाओं के भीतर छिपी छोटी-छोटी ख्वाहिशों के बारे में है। स्वरा की नौ भूमिकाओं के बारे में उन्होंने कहा,पहले हम नौ अभिनेत्रियों को लेने वाले थे, लेकिन इन कहानियों को लिखते हुए हम सिर्फ स्वरा के बारे में सोच पा रहे थे।

बॉलीवुड फिल्मों में आपने कलाकारों को डबल रोल में तो देखा होगा, लेकिन एक ही कलाकार का इतने सारे किरदार निभाना दुर्लभ है। इससे पहले संजीव कुमार ने 1974 की फिल्म नया दिन नई रात में नौ भूमिकाएं निभाई थीं। प्रियंका चोपड़ा ने 2००9 में फिल्म वॉट्स योर राशि में 12 किरदार निभाए थे। आने वाले समय में नो एंट्री 2 में सलमान खान, फरदीन खान और अनिल कपूर के ट्रिपल रोल में होने की चर्चा है। ( आरएनएस)

# सभी वेंडिंग जोन होंगे विकसित: प्रसाद



संवाददाता

हरिद्वार। सहायक नगर आयुक्त श्याम सुंदर प्रसाद ने कहा उत्तराखंड नगरीय फेरी नीति नियमावली के नियम अनुसार पूर्व के चयनित सभी वेंडिंग जोन विकसित किए जाएंगे।

फुटपाथ के रेडी पटरी के लघु व्यापारियों को नगर निगम क्षेत्र में वेंडिंग जोन के रूप में विकसित करने के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए नगर निगम प्रशासन द्वारा फेरी समिति की बैठक का आयोजन उत्तराखंड नगरीय फेरी नीति नियमावली के क्रियान्वयन के प्रभारी अधिकारी सहायक नगर आयुक्त श्याम सुंदर प्रसाद की अध्यक्षता में प्रारंभ की गई, जिसका संचालन लिपिक वेदपाल सिंह, सिटी मेंशन मैनेजर अंकित रमोला ने संयुक्त रूप से किया।

बैठक में लघु व्यापार एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा ने रेड़ी पटरी वालों का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने रचनात्मक सुझाव के साथ 6 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रतिवेदन प्रस्तुत किए। बैठक में तय किया गया प्रथम न्यू स्मार्ट वेंडिंग जोन के संचालन के उपरांत दो वेंडिंग जोन और विकसित किए जाएंगे, जिसमें भगत सिंह चौक से सेक्टर टू बेरियल, पुल जटवाड़ा सम्मलित हैं। बैठक में यह भी तय किया गया सभी प्रस्तावित चयनित प्रत्येक दो वेंडिंग जोन से प्रतिनिधि के रूप में फेरी समिति में एक (स्ट्रीट वेंडर्स) लघु व्यापारी प्रतिनिधि सम्मलित किए जाने पर सहमति के साथ सभी प्रस्ताव पर लघु व्यापारियों के प्रतिनिधियों ने ध्वनि मत के साथ प्रस्ताव पारित किए।

इस अवसर पर वेंडिंग जोन क्रियान्वयन प्रभारी अधिकारी सहायक नगर आयुक्त श्याम सुंदर प्रसाद ने कहा उत्तराखंड नगरीय फेरी नीति नियमावली के नियम अनुसार पूर्व के चयनित सभी वेंडिंग जोन विकसित किए जाएंगे और चलती फिरती हाथ ठेली के (स्ट्रीट वेंडर्स) लघु व्यापारियों को 4 सेक्टरों में विभाजित किया गया है प्रथम चरण में उत्तरी हरिद्वार, मध्य हरिद्वार के सभी लघु व्यापारियों को नगर निगम प्रशासन द्वारा लाइसेंस बिक्री प्रमाण पत्र को टोकन नंबर दिए जा रहे हैं, प्रथम चरण में 1000 से 1500 पूर्व के सर्वे के अनुसार सर्वे कार्ड धारक (स्ट्रीट वेंडर्स) लघु व्यापारियों को ही राज्य सरकार की योजना का संरक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा नगर आयुक्त के निर्देशन में फेरी समिति के बैठक के निर्णय के अनुसार सभी प्रस्तावित बिंदुओं पर स्ट्रीट वेंडर संगठनों के प्रतिनिधियों से रायशुमारी के उपरांत ही योजनाबद्ध तरीके से उत्तराखंड नगरीय फेरी नीति नियमावली का क्रियान्वयन लक्ष्य पूर्ति के साथ प्रचलन में है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड राज्य में एक लंबे संघर्ष की बदौलत राज्य में फेरी नीति नियमावली का गठन करा कर उत्तराखंड शासन द्वारा 25 मई 2016 को शासन आदेश निर्गत कराया गया उसी के तहत आज फुटपाथ के कारोबारी रेडी पटरी के लघु व्यापारियों को नगर निगम द्वारा व्यवस्थित व स्थापित किया जा रहा है यह एक हर्ष का विषय है।

बैठक में कर अधीक्षक सुनीता सक्सेना, सिटी मेंशन मैनेजर अंकित सिंह रमोला, लिपिक वेदपाल सिंह, हरिद्वार रुड़की विकास प्राधिकरण के एक्शन सिंचाई विभाग के डी.आर.ओ पुलिस विभाग, लीड बैंक प्रबंधक सहित फेरी समिति के सदस्यों में तस्लीम अहमद, सुमन गुप्ता, श्रीमती आशा देवी, कमल सिंह, विमल वाष्णीय, मनोज सिरोही, मोनू तोमर आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# 5/9 गोरखा राइफल्स के पूर्व सैनिकों ने मनाया फिल्लौरा दिवस

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। विगत दिवस 5/9 गोरखा राइफल्स कान्छी पल्टन (फिल्लौरा) के पूर्व सैनिकों ने गोर्खाली सुधार सभा के परिसर में फिल्लौरा के वीर नारियों सहित अध्यक्ष आनरेरी कप्तान भरत सिंह थापा की अध्यक्षता में फिल्लौरा के वीर सैनिकों जो कि युद्ध में शहीद हुये, के लिये दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धंजलि अर्पित किया।



5/9 गोरखा राइफल्स कान्छी पल्टन का जन्म 01 जनवरी 1963 बीरपुर, देहरादून में हुआ। नये यूनिट के राइजिंग के कुछ ही वक्त बाद सन् 1965 में भारत पाक युद्ध के दौरान नवीं गोरखा राइफल्स के कान्छी पल्टन को युद्ध में शामिल होने का गर्व प्रदान हुआ, जिसके दौरान पाकिस्तान के सियालकोट सेक्टर में पल्टन को दुश्मनों के साथ लोहा लेने का मौका मिला। 6 दिनों तक चले युद्ध में दुश्मनों के 16 टैंक और 26 लौरी श्रीटन को ध रासाई किया और दुश्मनों को भारी नुकसान पहुंचाया, साथ ही 11 सितम्बर 1965 के दिन सियालकोट सेक्टर में युद्ध करते हुये फिल्लौरा पुलिस स्टेशन सहित फिल्लौरा के ऊपर फतह हासिल किया। इस युद्ध में दुर्भाग्यवश यूनिट के 30 जवान वीरगति को प्राप्त हुये और 86 जवान घायल हुये। जिससे उनका नाम स्वर्णिम अक्षरों में लिखा गया।

पल्टन के इस साहस और वीरता के लिये भारत सरकार द्वारा नवीं गोरखा राइफल्स के पांचवी बटालियन कान्छी पल्टन को फिल्लौरा बैटल हॉनर से सम्मानित किया गया। पल्टन के स्वर्णिम दिवस को मनाने के लिये हम फिल्लौरा परिवार हर वर्ष एकत्रित होकर अपने पल्टन का फिल्लौरा बैटल हॉनर डे को बड़े हर्षोउल्लास के साथ मनाते हैं।

कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष द्वारा सम्बोधन भाषण से किया गया, इसके पश्चात् फिल्लौरा पल्टन के योद्धा सूबेदार हरी सिंह खत्री, जो कि 1965 के युद्ध में सम्मिलित थे को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। नायब सूबेदार शेर बहादुर क्षेत्री एवं आनरेरी नायब सूबेदार देवेंदर सिंह खत्री को स्मृति चिन्ह दिया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर अमित कुमार चटर्जी, कर्नल संजय खत्री, कर्नल किशन खत्री, मेजर राजेंद्र मल्ल एवं अध्यक्ष भरत सिंह थापा, उपाध्यक्ष तिलक सिंह ठकुरी, संजय पुन, प्रदीप कुमार छेत्री, मोहन सिंह बिष्ट, सेनापति सावन, कर्ण बहादुर रोका, राकेश कुमार थापा, संजय घले, ईश्वर सिंह थापा, दिनेश गिरी, दुर्गा बहादुर, सुरेश बहुगुणा, शंकर शाही, दिनेश छेत्री, ओम बहादुर, दिल बहादुर, डी.बी. अधिकारी, विकी, अमित, अजय और वीर नारियों एवं समस्त फिल्लौरा के जवान और उनके परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

## सू- दोकू क्र.52

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

## सू-दोकू क्र.51 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

# उत्तराखंडी फिल्म 'माटी पहचान' का ट्रेलर लांच



देहरादून (कासं)। उत्तराखंडी फीचर फिल्म 'माटी पहचान' का पिछले दिनों ट्रेलर लॉच हुआ। फॉर्च्यून टॉकीज मोशन पिक्चर्स की यह फिल्म 23 सितंबर को रिलीज होगी। फिल्म मुख्यरूप से पहाड़ों से हो रहे पलायन पर केंद्रित है। ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी में शनिवार को हुए कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने फिल्म का आधिकारिक ट्रेलर लॉच किया। ट्रेलर देखने के बाद महाराज ने इसकी प्रशंसा की और फिल्म को उत्तराखंड में टैक्स-फ्री करने का वादा किया। फिल्म निर्माता फराज शेर ने बताया कि फिल्म पहाड़ों की सच्ची कहानी बताने के इरादे से बनाई गई है।

निर्देशक अजय बेरी ने कहा कि फिल्म का उद्देश्य पहाड़ों से पलायन को दिखाना ही नहीं, बल्कि उसे रोकना भी है। ट्रेलर लॉन्च की मेजबानी फिल्म की मुख्य अभिनेत्री अंकिता परिहार ने की। अंकिता के अलावा फिल्म में करण गोस्वामी मुख्य भूमिका में हैं। चंद्र बिष्ट, आकाश नेगी, वन्य जोशी, पदमेंद्र रावत, रेखा पाटनी, सुनीता बृजवाशी, तरुण मेलकानी, ललित बिष्ट, विजय जामवाल ने इसमें अभिनय किया है। फिल्म का गीत संगीत राजन बजेली द्वारा दिया गया हैं। गायन में सुदेश भोसले, प्रज्ञा पात्रा, सागरिका मोहंती और निशांत दास अधि कारी शामिल हैं। फिल्म मनमोहन चौध री ने लिखी है।

फिल्म 23 सितंबर को पूरे उत्तराखंड, दिल्ली एनसीआर, लखनऊ और मुंबई के कुछ सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मौके पर ग्राफिक एरा के अध्यक्ष डॉ (प्रो.) कमल घनसाला भी मौजूद रहे।

# चोरी की मोटरसाईकिल के साथ एक गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने चोरी की मोटरसाईकिल के साथ एक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बसंत विहार निवासी नरेन्द्र गौड ने बसंत विहार थाने में मुकदमा दर्ज कराया कि चोरों ने उसके घर के बाहर से मोटरसाईकिल चोरी कर ली है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों को खंगाला। आज प्रातः पुलिस टीम ने चैकिंग के दौरान एक मोटरसाईकिल सवार को रूकने का इशारा किया तो वह पुलिस को देख भाग खडा हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। पूछताछ में वह संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। सख्ती से पूछताछ में उसने बताया कि उसने यह मोटरसाईकिल चोरी की है। पूछताछ में उसने अपना नाम अरमान मलिक पुत्र मौहम्मद इलियास निवासी मुस्लिम बस्ती शास्त्री नगर खाला बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# सीएम धामी ने डॉ. सर्वपल्ली राधकृष्णन की जयंती पर उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए



देहरादून (कासं)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को मुख्यमंत्री आवास में पूर्व राष्ट्रपति एवं महान शिक्षाविद्, भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधकृष्णन की जयंती पर उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए योगदान से समाज हमेशा प्रेरित होगा। उन्होंने शिक्षक दिवस की सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी।

## नियुक्ति की मांग को लेकर किया सीएम आवास कूच

संवाददाता

देहरादून। नियुक्ति की मांग को लेकर एलटी चयनित अभ्यार्थियों ने सीएम आवास कूच किया। जहां पर उन्होंने जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया।

आज यहां एलटी चयनित अभ्यार्थी परेड ग्राउंड में एकत्रित हुए। जहां से उन्होंने मुख्यमंत्री आवास के लिए कूच किया। जब वह हाथीबडकला चौकी के पास पहुंचे तो उनको बैरकेडिंग लगाकर रोक दिया गया। वह वहीं सडक पर बैठ गये। जिसके बाद सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से उन्होंने मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में उन्होंने कहा कि एलटी शिक्षक भर्ती में यूकेएसएसएससी द्वारा 8 अगस्त 2020 को परीक्षा का आयोजन किया गया जिसका परिणाम 31 दिसम्बर 2021 को जारी हो चुका है। किन्तु नियुक्ति कि प्रक्रिया 8 माह पश्चात भी पूरी नहीं हो पायी है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की है कि जल्द से जल्द नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी की जाये। ज्ञापन देने के बाद सभी वापस परेड ग्राउंड पहुंचे जहां से वह शिक्षा निदेशालय पहुंचे और वहां पर धरना शुरू कर दिया।



## दुकान का ताला तोड़ उडायी हजारों की नगदी

देहरादून (संवाददाता)। चोरों ने दुकान का ताला तोडकर वहां से हजारों रूपये की नगदी चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार गौरी माफी निवासी कीर्ति सिंह रावत ने रायवाला थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी क्षेत्र में दुकान है। आज जब वह दुकान पर गया तो उसने देखा कि दुकान का ताला टूटा हुआ था तथा अन्दर सारा सामान अस्त व्यस्त पडा था। चोर उसकी दुकान से 22 हजार रूपये की नगदी चोरी करके ले गये हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## समिति की जांच पर एक्शन आसान...

▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

पर वैसी लीपापोती संभव है जैसी टेक्निकल यूनिवर्सिटी की जांच को लेकर की गई इसकी जांच रिपोर्ट जिस पर मुख्य सचिव के हस्ताक्षर हैं, में यह स्पष्ट कहा गया है कि यह नियुक्तियां न सिर्फ नियम विरुद्ध की गई बल्कि नियमों को ताक पर रखकर की गई हैं और मनमानी तरीके से वेतन मान तय किए गए। समिति ने अपनी रिपोर्ट में 3 करोड़ से अधिक वेतन इन गैर वाजिब तरीके से नियुक्त कर्मचारियों को देने की बात करते हुए ब्याज सहित वसूली करने व नियुक्तियों को रद्द करने की सिफारिश की गई थी लेकिन 2016 की इस जांच रिपोर्ट पर आज तक कोई कार्यवाही शासन द्वारा नहीं की गई है ऐसे में विधानसभा की बैक डोर भर्तियों की जांच पर कोई कार्रवाई होगी? संदेह स्वाभाविक है।

# ‘सल्ट क्रांति’ स्वाधीनता आन्दोलन का एक अविस्मरणीय अध्याय रहा हैः सीएम



कार्यालय संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को सल्ट, अल्मोड़ा में 5 सितंबर सल्ट क्रान्ति के अवसर पर शहीद दिवस कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने खुमाड़, सल्ट में शहीदों की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने तहसील परिसर सल्ट से खुमाड़, सल्ट में भव्य शहीद स्मारक बनाए जाने, 5 सितम्बर शहीद दिवस पर आयोजित मेले को राजकीय मेला घोषित किए जाने एवं स्वतन्त्रता संग्राम सैनानी शहीद चूड़ामणि राजकीय इण्टर कालेज खुमाड़ मैदान में इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाए जाने की घोषणा की। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री धामी ने शक्तिपीठ भीना देवी मन्दिर के सम्पर्क मार्ग के अवशेष भाग का नव निर्माण किए जाने, राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय औनेड़ी तराड का नव भवन निर्माण किए जाने, राजकीय पॉलिटेक्निक सल्ट में सिविल ट्रेड की स्वीकृति प्रदान किए जाने, राजकीय आदर्श विद्यालय देवायल, राजकीय प्राथमिक विद्यालय कोटाचामी, राजकीय प्राथमिक विद्यालय नैकणा व राजकीय प्राथमिक विद्यालय बेसड़ी का नव भवन निर्माण किए जाने, अल्प विकसित पर्यटक स्थल मल्ला गड़कोट, थल्माड एवं खटलगाँव का सौन्दर्यीकरण किए जाने, सल्ट के अति दुर्गम क्षेत्र भीताकोटखाल, मरचूला एंव तराड़ में ए.एन.एम. सेन्टर की स्वीकृति प्रदान किए जाने, राजकीय इण्टर कालेज नेलवालपाली का नाम स्वतन्त्रता संग्राम सैनानी शहीद अम्बा दत्त जी के नाम किए जाने, तल्ला मानिला मन्दिर स्थित विशेष अतिथि गृह का निर्माण किए जाने, देघाट - चिन्तोली मोटर मार्ग का नाम बदलकर स्वतन्त्रता संग्राम सैनानी शहीद हरिकृष्ण हीरामणि जी मोटर मार्ग लिए जाने की बात कही।

### ❑धामी ने सल्ट में शहीदों की प्रतिमा पर किए पुष्पांजलि अर्पित

इस दौरान मुख्यमंत्री ने 5 सितंबर सल्ट क्रान्ति में शहीदों को भावमीनि श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि अंग्रेजों से लोहा लेते समय खुमाड़ क्षेत्र के शहीद हुए स्व० खीमानन्द एवं उनके सगे भाई स्व० गंगाराम सहित स्व० बहादुर सिंह एवं स्व० चूड़ामणि ने क्षेत्र के साथ अपना नाम अमर किया है। उन्होंने कहा सल्ट के इन महान् क्रांतिकारियों ने राष्ट्रीय स्वतंत्रता आन्दोलन के इतिहास में उत्तराखण्ड का नाम स्वर्णाक्षरों में अंकित किया है। सल्ट क्रांति- स्वाधीनता आन्दोलन का एक अविस्मरणीय अध्याय रहा है। सल्ट क्षेत्र में आजादी की लड़ाई की शुरुआत कुली बेगार आन्दोलन के तहत ब्रिटिश हुकुमत के दमनकारी फैसलों की प्रतिक्रिया के कारण हुई थी। इस क्षेत्र की जनता ने एक स्वर में कुली बेगार न देने का संकल्प किया। उन्होंने कहा आजादी की लड़ाई में खासकर सल्ट क्रांति को संचालित करने में उत्तराखंड के शिक्षकों की अहम भूमिका रही थी। सन् 1942 में महात्मा गांधी के श्भारत छोड़ो और श्करो या मरोश के नारे की सल्ट क्षेत्र में जबरदस्त प्रतिक्रिया हुई। सल्टवासियों की इसी देशभक्तिपूर्ण शहादत के कारण गांधीजी ने इस क्षेत्र को कुमाऊँ की बारदोली कहा था।

मुख्यमंत्री धामी ने कई जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में अवगत करवाते हुए कहा कि सरकार अपने वादों के अनुसार गरीब परिवारों को तीन सिलेण्डर मुफ्त उपलब्ध करवा रही है। राज्य सरकार ने आंगनबाड़ी बहनों, मिनि आंगनबाड़ी,आशा कार्यकत्रियों के मानदेय में बढ़ोतरी की है, उत्तराखण्ड में अब वृद्धावस्था पेंशन योजना के अंतर्गत पात्र पति व पत्नी दोनों को लाभ मिलेगा ऐसा प्राविधान किया गया है। इस दौरान विधायक प्रमोद नैनवाल पूर्व विधायक महेश नेगी, भाजपा जिला अध्यक्ष रवि रौतेला, बीजेपी मंडल अध्यक्ष सल्ट विक्रम बिष्ट, जिलाधिकारी वंदना, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार राय, अपरजिलाधिकारी सीएस मर्तोलिया, उपजिलाधिकारी गौरव पांडे एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# 41वां निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर 13 सितम्बर से



संवाददाता

देहरादून। दून सिख वेलफेयर सोसायटी के संस्थापक अध्यक्ष सरदार कृपाल सिंह चावला ने बताया कि सोसायटी के द्वारा 41वां नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर 13 सितम्बर से 18 सितम्बर तक नानक निवास में चलाया जायेगा।


दून सिख वेलफेयर सोसाइटी के तत्ववाधान में 41 वां महान नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर 13 सितम्बर से 18 सितम्बर तक बारात घर, नानक निवास सुभाष रोड पर लगाया जायेगा। दून सिख वेलफेयर सोसाइटी के संस्थापक अध्यक्ष सरदार कृपाल सिंह चावला ने बताया कि श्री महंत इन्द्रेश हस्पताल एवं गुरु राम राय मेडिकल कालेज के सहयोग एवं जिला दृष्टिहीनता निवारण समिति के अन्तर्गत लगाया जाएगा। सभी आप्रेशन श्री महंत इन्द्रेश हॉस्पिटल के अनुभवी नेत्र चिकित्सक द्वारा किये जायेगे। उन्होंने बताया कि सभी आप्रेशन निशुल्क किये जायँगे, आप्रेशन वाले रोगियों को एक दिन वहीं रखा जायेगा एवं भोजन, दवाईयां, चश्मे आदि का सारा प्रबंध नि:शुल्क होगा, अगले दिन मरीजों को छुट्टी दे दी जाएगी। आँखों का चेकअप 13 एवं 14 सितम्बर मंगलवार एवँ बुधवार सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक होगा जिनको आप्रेशन की जरूरत होंगी उनको भर्ती कर लिया जायेगा। मीटिंग में अध्यक्ष वी के गुप्ता, सचिव जे एस मदान, कोषाध्यक्ष त्रिलोचन सिंह, संयोजक इंदरजीत सिंह, सरदार जी एस जस्सल आदि उपस्थित थे। अधिक जानकारी के लिये संयोजक सरदार इंदरजीत सिंह से सम्पर्क कर सकते है।



## एक नजर

# राजद नेता विजेंद्र यादव की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या

नई दिल्ली। बिहार के सासाराम जिले में राजद नेता विजेंद्र यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गई। जानकारी के मुताबिक, करगहार थाना क्षेत्र में बाइक सवार शूटर्स ने उन्हें गोली मारी। ताया जा रहा है कि पुरानी रंजिश के कारण उनकी हत्या हुई है। बता दें, विजेंद्र यादव आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी के करीबी थे। वह करघर के मुखिया रह चुके है, वर्तमान में पैक्स



(प्राथमिक कृषि ऋण समिति) अध्यक्ष थे। परिजनों ने बताया कि विजेंद्र रविवार को सुबह धान की फसल में खाद छिड़कवाने के लिए गए थे कि इसी दौरान सुबह आठ से साढ़े आठ बजे के बीच अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया। एक गोली उनके सिर में एवं एक गोली उनके गर्दन पर लगी, जिसके चलते मौके पर ही उनकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि लगभग दो साल पहले भी स्थानीय बाजार में उनपर जानलेवा हमला किया गया था, लेकिन तब वह बच गए थे। इसके बावजूद भी पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के लिए कोई व्यस्था नहीं की थी।

# मदरसे में 14 साल के लड़के से कुकर्म, आरोपी टीचर गिरफ्तार

हैदराबाद। तेलंगाना के हैदराबाद में 14 साल के एक लड़के के साथ कुकर्म का मामला सामने आया है। दावा किया गया है कि यह घटना शहर के एक मदरसे में 21 साल के टीचर की ओर से अंजाम दी गई है। पुलिस ने मामले में पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। साथ ही आरोपी टीचर को कोर्ट ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। हालांकि अभी इस मामले में अधिक जानकारी सामने नहीं आई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



वहीं दूसरी ओर नाबालिग लड़कियों के यौन शोषण मामले में मुरुग मठ के महंत के खिलाफ मामला दर्ज करवाने में सहायता करने वाले मैसूरु स्थित गैर सरकारी संगठन ने रविवार को कहा कि इस मामले में प्रशासन के कुछ लोग आरोपी को बचाने का प्रयास कर रहे हैं, इसलिए महंत के खिलाफ सीबीआई या अदालत की निगरानी में जांच होनी चाहिए। गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) ओडनाडी के निदेशक स्टेनली के वर्गीज ने कहा कि शिवमूर्ति मुरुग शरणारु के खिलाफ उच्चस्तरीय जांच की आवश्यकता है, क्योंकि मठ के छात्रावास से कई लड़कियों के लापता होने की खबरें मीडिया में आ रही हैं।

# कंगना रनोट का दावा, असलम है फिल्ममेकर महेश भट्ट का असली नाम

मुंबई। कंगना रनोट के निशाने पर अब फिल्ममेकर महेश भट्ट आए हैं। एक्ट्रेस की मानें तो निर्माता-निर्देशक का असली नाम महेश नहीं, बल्कि असलम है। कंगना ने सोशल मीडिया पर भट्ट का एक पुराना वीडियो शेयर कर यह दावा किया है और कहा है कि उन्हें अपने असली नाम का इस्तेमाल करना चाहिए। रविवार को कंगना रनोट ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर महेश भट्ट की कुछ वीडियो क्लिप



साझा की हैं और उनके साथ अलग-अलग कैप्शन लिखे हैं। कंगना ने पहले वीडियो के साथ लिखा है, महेश जी, लापरवाही से और काव्यात्मक रूप से लोगों को हिंसा के लिए उकसा रहे हैं। अगली क्लिप के साथ उन्होंने लिखा है, मुझे बताया गया कि उनका (महेश भट्ट) का असली नाम असलम है। उन्होंने दूसरी शादी (सोनी राजदान से) करने के लिए धर्म बदला था। कंगना ने अगली क्लिप को कैप्शन दिया है, उन्हें (महेश भट्ट) अपने असली नाम का इस्तेमाल करना चाहिए। जब धर्म बदल लिया हो तो आप धर्म विशेष का प्रतिनिधित्व नहीं करते। कंगना रनोट महेश भट्ट पर पहले भी हमलावर रह चुकी हैं। 2020 में जब सुशांत सिंह राजपूत की मौत के बाद बॉलीवुड में नेपोटिज्म पर बहस छिड़ी हुई थी, तब कंगना ने आरोप लगाया था कि महेश भट्ट ने एक बार उन पर चप्पल फेंकी थी।

# उत्तराखंड के दो शिक्षकों को राष्ट्रपति ने किया सम्मानित





हमारे संवाददाता

नई दिल्ली। शिक्षक दिवस के अवसर पर उत्तराखंड के दो शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा प्रदान किया गया है। प्रधानाचार्य कौस्तुभचंद्र जोशी और प्रवक्ता प्रदीप नेगी को आज राष्ट्रपति मुर्मु ने दिल्ली में सम्मानित किया गया है।

जानकारी के अनुसार इस साल देशभर से 46 शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। बताया जा रहा है कि प्रत्येक शिक्षक को पुरस्कार में योग्यता प्रमाण पत्र, 50, 000 रुपये और एक सिल्वर मेडल प्रदान किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त करने वाले 46 शिक्षकों में से दो शिक्षकों, एक उत्तराखंड से और दूसरा अंडमान और निकोबार द्वीप समूह से, विकलांग शिक्षकों के लिए विशेष श्रेणी के तहत सम्मानित किया।

बता दें कि उत्तराखंड से तीन शिक्षकों का नाम राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए भेजा गया था। जिसमें नैनीताल में प्रतापपुर-चकालुआ स्थित एसडीएस राजकीय इंटर कालेज के प्रधानाचार्य कौस्तुभचंद्र जोशी और हरिद्वार में बीएचईएल इंटर कालेज में प्रवक्ता पद पर कार्यरत शिक्षक प्रदीप नेगी का चयन हुआ है। जोशी को ओपन केटेगरी में चुना गया है। जबकि नेगी स्पेशल कैटेगरी (दिव्यांग) के तहत पुरस्कार के लिए पात्र पाए गए। दोनो शिक्षक राष्ट्रीय आईसीटी पुरस्कार से भी सम्मानित हैं। प्रधानाचार्य जोशी ने अपने सेवाकाल में शिक्षा से जुड़े इंटरनेट कंटेट की मदद से छात्रों के शिक्षण को सरल करने का प्रयास किया। रेन वाटर हार्वेस्टिंग के प्रयोग कर छात्रों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया है। तो वहीं शिक्षक प्रदीप नेगी को शिक्षण में नवाचार के लिए जाना जाता है।

## सड़क हादसे में चाचा-भतीजे की मौत

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। तेज रफ्तार दो बाइक की आमने सामने टक्कर में जहां चाचा भतीजे की मौके पर ही मौत हो गयी वहीं मृतक की भाभी सहित 6 लोग गम्भीर रूप से घायल हुए है। सूचना मिलने पर पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार एक युवक अपनी भाभी और अपने भतीजा भतीजी के साथ लक्सर जा रहा था। जैसे ही उसकी बाइक कुआं खेड़ा के पास पहुंची तो सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक से उसकी जोरदार भिड़ंत हो गयी। हादसे में चाचा भतीजे की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसकी भाभी की हालत भी गंभीर बनी हुई है। मृतक रुड़की के बेलड़ा गांव के रहने वाले हैं। उनका पूरा परिवार लक्सर से एक शादी समारोह से घर लौट रहा था, जबकि दूसरी बाइक पर सवार लोग देहरादून व लक्सर के रहने वाले हैं। बताया जा रहा है कि दूसरी बाइक पर सवार देहरादून निवासी अनुज, उसकी पत्नी अनु और उसकी साली ज्योति गंभीर रूप से घायल हुए हैं। जिनकी गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर ऋषिकेश रेफर किया गया है। तीनों बाइक से लक्सर के प्रीतपुर गांव में जा रहे थे। इस दौरान हादसा हो गया है।

## एसबीआई मुख्य शाखा में मिले जाली नोट, मुकदमा दर्ज

संवाददाता

देहरादून। स्टेट बैंक मुख्य शाखा के नोटों में जाली नोट मिलने से दावा अनुभाग अधिकारी ने डालनवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार राकेश श्रीवास्तव दावा अनुभाग निर्मम विभाग भारतीय रिजर्व बैंक कानपुर ने डालनवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि स्टेट बैंक मुख्य शाखा से रिजर्व बैंक में रूपये भेजे गये थे जिनमे से कुछ नोट जाली थे। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# भर्ती घोटालों के पर्दाफाश से बौखलाए नेता

### ❑अपना नाम आने पर डॉ. निशंक ने कहीं कानूनी लड़ाई लड़ने की बात

विशेष संवाददाता

देहरादून। भर्ती घोटालों की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है नेताओं की बौखलाहट भी बढ़ती जा रही है। क्योंकि इन घोटालों की जांच में नित्य नए-नए खुलासे हो रहे हैं तथा सूबे के दोनों ही प्रमुख राजनीतिक दल भाजपा और कांग्रेस की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। वहीं तमाम बड़े नेताओं के नाम इन घोटालों की संलिप्तता में सामने आते जा रहे हैं।

किस-किस नेताओं के बच्चों और सगे संबंधियों ने बैक डोर के जरिए नौकरी पाई। किस-किस नेता ने भर्तियों के लिए सिफारिश चिट्ठियां लिखी? अब सभी लपेटे में आ चुके हैं। भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस का दावा करने वाले नेता और दलों के लिए भर्तियों के घोटाले अब उनके गले की फांस बन चुके हैं उनके खिलाफ शासन प्रशासन क्या कार्यवाही करेगा? सवाल यही नहीं है सवाल यह भी है कि पार्टी ऐसे नेताओं पर अगर अनुशासन का चाबुक चलाती है तो वह कहीं के भी नहीं रहेंगे। इसका डर भी उन्हें सता रहा है। उधर यूकेएसएसएससी भर्ती घोटाले और पेपर लीक मामले में भी जांच की आग कहीं उन तक तो नहीं पहुंच जाएगी इसे लेकर भी वह परेशान है।

पूर्व मुख्यमंत्री डॉ निशंक ने आज इस बात पर कड़ी आपत्ति जाहिर की है कि सोशल मीडिया में उनका नाम भी वायरल हो रहा है कि उन्होंने भी अपने रिश्तेदारों को नौकरी दिलाई। डॉ निशंक का कहना है कि किसी को यह अधिकार कैसे हो सकता है कि वह किसी का नाम भर्ती घोटालों से जोड़ दें। उन्होंने इसके खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ने का भी ऐलान किया है। किस नेता की संलिप्तता है और किसकी नहीं अब जब जांच बैठ गई है तो दूध का दूध और पानी का पानी हो ही जाएगा। लेकिन जिन दर्जनों नेताओं के नाम उछाले जा रहे हैं तथा जो भी विधानसभा अध्यक्ष रहे हैं सभी की धड़कनें बढ़ी हुई है। क्योंकि सभी के कार्यकाल में थोड़ी बहुत भर्तियां हुई है।

## सिटिंग जज से कराये जांचः आर्य



देहरादून (सं)। नेता विपक्ष व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष यशपाल आर्य का कहना है कि समिति द्वारा इस मामले की निष्पक्ष जांच संभव नहीं है इसलिए इसकी जांच हाईकोर्ट के सिटिंग जज से कराई जानी चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि वह भी विधानसभा अध्यक्ष रहे हैं। 2012 के बाद की ही नहीं उनके कार्यकाल में हुई नियुक्तियों में भी जांच कराएं उन्होंने कहा कि किसने क्या किया है वह सामने आना ही चाहिए।

आर.एन.आई.- 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकारः**
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**

**कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**

*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*